वर्ष-9 | अंक 28 | 03 मार्च से 09 मार्च 2025 तक



MPHIN/2015/63623

# न्यूज क्राइम फाइल

आमंत्रण मूल्य 15/-

ग्वालियर, भिंड, मुरैना, छतरपुर, सागर, विदिशा, रायसेन, सिवनी, जबलपुर, रीवा, सतना, होशंगाबाद, हरदा एवं इंदौर में प्रसारित।

# सीएम बोले- कोई नक्सली यहां से जिंदा नहीं जाएगा

## बालाघाट में कहा-एमपी में नक्सलवाद के लिए जगह नहीं; कोई भी आपको तंग नहीं करेगा

उदय प्रताप सिंह चौहान



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में नक्सलवाद के लिए कोई जगह नहीं है। कोई भी आकर आपको तंग नहीं करेगा। कोई किसी राज्य से आ जाए, तो जिंदा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को बालाघाट में किसान सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे। यहां उन्होंने 326 करोड़ 60 लाख के 117 अलग-अलग कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। सीएम ने किसानों को चावल के लिए प्रति हेक्टेयर 4 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की। डॉ यादव का आदिवासी परंपरा से यहां स्वागत किया गया। पहले उन्होंने हॉकी मैदान में एस्ट्रो टर्फ का लोकार्पण किया। इसके बाद रेंजर महाविद्यालय में आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल हुए। यहां दिव्यांगों को उपकरण बांटे।

**नक्सलवादियों के पांव जमने वाले नहीं: सीएम**

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में नक्सलवादियों के पांव जमने वाले नहीं हैं। पहले आईजी लेवल के अफसर मॉनिटरिंग में लगते थे, लेकिन अब डीजी लेवल के अफसर मॉनिटरिंग करेंगे। नक्सलियों के खात्मे के लिए जो भी जरूरत पड़ेगी, हर हाल में करेंगे।

**सीएम डॉ यादव ने कहा-**

किसी भी कीमत पर नक्सलियों को यहां नहीं रहने देंगे। हमारे लोग मेहनत करते हैं। सड़क बनाते हैं, स्कूल खोलते हैं। ये लोग दादागिरी के बलबूते पर माहौल बनाते हैं, तो इनकी जगह यहां नहीं रहने वाली है।'

**मध्यप्रदेश को नंबर वन राज्य बनाने का संकल्प**

सीएम ने कहा कि अब से गेहूं उपार्जन के लिए 2600 रुपए प्रति क्विंटल दिए जाएंगे। लाड़ली बहनों के लिए उन्होंने कहा कि अगले चार साल में योजना के मुताबिक धीरे-धीरे पूरा पैसा देने की कोशिश करेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को मुट्?ठी बांधकर मध्यप्रदेश को देश में नंबर वन राज्य बनाने का संकल्प दिलाया।

**सम्मेलन में 9 विभागों की योजनाओं की प्रदर्शनी**

किसान सम्मेलन में 9 विभागों की योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। इनमें कृषि, उद्यानिकी, सीसीबी, एनआरएलएम, वन, पशुपालन-डेयरी, मत्स्य और स्वास्थ्य विभाग शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।

**लांजी में विकसित होगा कोटेश्वर धाम, किरनापुर बनेगी नगर पंचायत**

सीएम डॉ. मोहन यादव बालाघाट के बाद जिले के लांजी भी पहुंचे। यहां उन्होंने कोटेश्वर शिवलिंग का पूजन किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा और रानी अवंतीबाई की प्रतिमा का अनावरण किया। रानी अवंतीबाई स्टेडियम में आयोजित जनसभा में सीएम ने कहा कि गोंड राजाओं के शासनकाल में बनाए गए कोटेश्वर शिवधाम का जीर्णोद्धार किया जाएगा। किरनापुर को नगर पंचायत बनाने और कारंजा में सर्वे के बाद कॉलेज खोलने की घोषणा की। साथ ही, कारंजा स्कूल का नाम आरएसएस के संघचालक स्व. बाला साहब देवरस और भाउदास देवरस के नाम से करने की घोषणा की।

**सीएम का घेराव करने जा रहे पूर्व सांसद गिरफ्तार**

बालाघाट में सीएम डॉ. मोहन यादव का घेराव करने निकले पूर्व सांसद कंकर मुंजारे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व सांसद का कहना है कि एक ओर सरकार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की बात करती है, दूसरी ओर बेटियों को पकड़कर मार दिया गया। उन्होंने हाल ही में मुठभेड़ में मारी गई चार महिला नक्सलियों को लेकर कहा कि उनके पैर में गोली मारना था। उन्हें पकड़ कर जेल में डालकर सजा देना था। उन्होंने 50 करोड़ रुपए के चावल घोटाले का भी आरोप लगाया।


गढ़ाकोटा में तीन दिवासीय रहस लोकोत्सव का शुभारम्भ मुख्यातिथि केंद्रीय मंत्री श्री वीरेंद्र खटीक के साथ श्री गणेश पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया।
गोपाल भार्गव -विधायक रहली, पूर्व मंत्री

# शिवराज भोपाल में बोले- वोट दिलाऊ फैसले करने पड़ते हैं

## चुनाव के डर में कई निर्णय नहीं हो पाते; देश में एक साथ इलेक्शन जरूरी

**न्यूज क्राइम फाइल**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बार-बार चुनावों के कारण कई फैसले प्रभावित होते हैं। गवर्नेंस प्रभावित होती है, विकास रुक जाता है पैसे की बर्बादी होती है। कई बार तो वोट दिलाऊ फैसले भी करने पड़ते हैं। शिवराज ने भोपाल के एक प्राइवेट कॉलेज में आयोजित एक देश-एक चुनाव% कार्यक्रम में स्टूडेंट्स के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा- अपने देश में और कुछ हो या न हो लेकिन सारे राजनीतिक दल पांचों साल, 12 महीने, हर हफ्ते, 24 घंटे एक ही तैयारी करते हैं, वो है अगला चुनाव। उसी तैयारी में लगे रहते हैं।

शिवराज ने कहा कि अब पिछले साल नवंबर-दिसंबर में एमपी, छत्तीसगढ़, राजस्थान विधानसभा चुनाव हुए। विधानसभा चुनाव की थकान उतरी नहीं थी कि 4 महीने बाद ही लोकसभा चुनाव आ गया। विधानसभा चुनाव में 6 महीने तो कुछ हुआ ही नहीं था। आचार संहिता, कोड ऑफ कंडक्ट के कारण विकास के काम ठप थे। वो चुनाव हुए और चार महीने बाद फिर लोकसभा के चुनाव आ गए। चार-छह महीने नहीं गुजरे कि फिर हरियाणा, जम्मू कश्मीर, झारखंड, महाराष्ट्र के चुनाव आ गए और नेता फिर चुनाव में भिड़ गए।

**एक भी चुनाव हारे तो मीडिया कहती है जमीन खिसक गई**

शिवराज ने कहा, अभी एक चुनाव निपटा नहीं कि दिल्ली का दंगल शुरू हो गया। दिल्ली के



चुनाव खत्म नहीं हुए कि हम लोगों ने बिहार के लिए कमर कस ली। चलो बिहार। और कोई काम हो न हो, चौबीसों घंटे चुनाव की तैयारी। ये हमेशा होने वाले चुनाव देश की प्रगति और विकास में कितने बाधक हैं। एक तो सभी की एनर्जी लगती है, जिसमें प्रधानमंत्री भी चुनाव की तैयारी में लगते हैं।

**तीन महीने सब छोड़कर झारखंड में पड़ा रहा- शिवराज**

शिवराज ने कहा, चुनाव में पीएम, सीएम सब लगे रहे। केन्द्रीय मंत्री मुझे बनाया गया और कहा गया झारखंड के चुनाव में जाओ । तीन महीने वहीं पड़ा रहा। कृषि की तरफ ध्यान ही नहीं रहा। फोकस चुनाव पर हो गया। मेरे जैसे कितने लोग लगे रहे। ये केवल एक पार्टी में नहीं सभी पार्टियों के मंत्री, मुख्यमंत्री, विधायक सांसद लगे रहते हैं।

**पैसा बर्बाद होता है, सरकारें लंबी प्लानिंग नहीं करतीं**

शिवराज ने कहा- अलग-अलग चुनाव क्यों होने चाहिए? हर चार-छह महीने में चुनाव हो रहे हैं। गवर्नेंस प्रभावित होता है। धन का अपव्यय होता है। असल में तो औपचारिक खर्चा दिखता है, पीछे से और कितना खर्चा होता है। चुनाव आयोग ने इस चुनाव में गाड़ियों से पैसे पकड़े थे। एक तरफ धन का अपव्यय होता है, दूसरी तरफ सरकारें लॉन्ग टर्म प्लानिंग नहीं कर पातीं।

**चुनाव के डर से सरकार में कई फैसले नहीं हो पाते**

शिवराज सिंह चौहान ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी ने कई बड़े और कड़े फैसले लिए हैं। लेकिन, कई बार चुनाव के डर में कई ऐसे फैसले नहीं हो पाते कि वोट बिगड़ गया और नुकसान हो गया, तो वोट बचाओ। ऐसे कई फैसले प्रभावित होते हैं, जो बच्चों का भविष्य बेहतर बना सकते हैं। प्रदेश का विकास कर सकते हैं। देश को आगे बढ़ा सकते हैं। वोट के डर में फैसले प्रभावित होते हैं। अगर संविधान में संशोधन करके लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ हो जाएं, तो साढ़े चार साल जनता और विकास के लिए ईमानदारी से मिलेंगे। अपने देश में भी लोकसभा के चुनाव के साथ ओडिशा और तीन विधानसभा चुनाव हुए।

**मोदी जी लोकप्रिय इसलिए एक साथ चुनाव से डर**

शिवराज ने कहा- मैं पूछता हूं कि एक साथ चुनाव से डरते क्यों हैं, तो कुछ लोग कहते हैं कि मोदी जी बहुत लोकप्रिय हैं तो गड़बड़ हो जाएगी। जनता बहुत समझदार है। वो लोकसभा में अलग वोट डालती है, विधानसभा में अलग। ओडिशा में दो बार लोकसभा विधानसभा के एक साथ चुनाव हुए। उसी जनता ने पिछले चुनाव में राज्य के लिए बीजेडी के नवीन पटनायक को चुना और देश के लिए मोदी जी को चुना।

---

## पत्नी को लाने गए युवक की ससुराल में मौत

# पिता का आरोप- बेटे को जहर दिया

**न्यूज क्राइम फाइल**

ो पत्नी के मायके गया था। यहां उसकी तबीयत बिगड़ गई। कुछ देर बाद राहुल की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजन को सौंप दिया है। अभी तक किसी के बयान दर्ज नहीं हुए हैं, जिससे मौत की असल वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। मामले की जांच की जा रही है।

**अस्पताल पहुंचे तो बेटे का शव मिला**

मृतक राहुल के पिता विनोद देशवाली ने बताया, 2021 में बेटे की शादी कोलार के कजलीखेड़ा की रहने वाली सुषमा से की थी। पांच महीने पहले ही पोते वीरांश का जन्म हुआ था। पति-पत्नी में आमतौर पर छोटी-मोटी



कहासुनी होती रहती थी। तीन महीने पहले राहुल की साली का पति बिना कारण बताए सुषमा को मायके ले गया। तब से वह मायके में रह रही थी। राहुल कई बार उसे मनाने गया, लेकिन हर बार उसे मारपीट कर भगा दिया जाता था। शुक्रवार दोपहर भी वह सुषमा को लाने के लिए निकला था, लेकिन रात में फोन आया कि राहुल की तबीयत खराब है और उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है। हम लोग हमीदिया अस्पताल पहुंचे तो यहां राहुल का शव की मॉर्चुरी में मिला।

### चेहरे पर चोट के निशान मिले

राहुल के पिता विनोद देशवाली ने आरोप लगाया कि बेटे के चेहरे पर चोट के निशान थे। एक तरफ का हिस्सा नीला पड़ चुका था। उन्होंने आशंका जताई कि ससुराल पक्ष ने उनके बेटे को शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर दिया है। उसके साथ मारपीट हुई है।

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के यशस्वी मार्गदर्शन में और आपके आत्मीय सहयोग से पूर्ण भव्यता-दिव्यता के साथ आस्था, समता, समरसता का महासमागम, एकता का महायज्ञ महाकुंभ-2025, प्रयागराज पूर्णाहुति को प्राप्त हुआ है।
योगी आदित्यनाथ- मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश



# भोपाल में फैक्ट्री में लगी आग, ऊंची लपटें उठीं

न्यूज क्राइम फाइल

भोपाल के गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में एक केमिकल फैक्ट्री में शनिवार दोपहर करीब 1.30 बजे आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि लपटें 40 फीट तक ऊंची उठीं। 10 किलोमीटर दूर से धुआं दिखाई दे रहा था। हादसे की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की करीब 12 गाड़ियां और 40 पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे। करीब 5 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग बुझाने के दौरान कुछ कर्मचारी भी झुलस गए। जेके रोड स्थित टाटा और महिंद्रा शोरूम के पीछे केमिकल फैक्ट्री है। इसके मालिक प्रेम चावला है। यहां 40 हजार लीटर केमिकल रखा था। सूचना मिलते ही गोविंदपुरा, पुल बोगदा, फतेहगढ़ से फायर फाइटर्स मौके पर पहुंचे। सीआईएसएफ की टीम भी पहुंची। एसडीईआरएफ की टीम भी पहुंच गई थी। बताया जा रहा है कि यहां थिनर बनाया जाता था।

**फैक्ट्री की पीछे की दीवार को जेसीबी से तोड़ा**

केमिकल फैक्ट्री के पिछले हिस्से को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया है। यही पर बार-बार आग लग रही थी।

**पास की दो फैक्ट्री भी चपेट में आई**



आग ने आसपास की दो फैक्ट्री को भी चपेट में ले लिया था। हालांकि दमकलकर्मियों ने जल्दी ही इस पर काबू पा लिया।

**मौके से अपडेट दे रहे हैं भास्कर रिपोर्टर ईश्वर सिंह परमार**

आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है, लेकिन कुछ जगहों पर अभी भी लपटें और धुआं उठ रहा है। मौके पर SDRF और नगर निगम की टीम मौजूद है।

**फैक्ट्री की दीवारों में दरार, किसी को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा**

आग के कारण फैक्ट्री की दीवारों में दरारें आ गई। किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। एसडीआरएफ की टीम आग पर काबू पाने में जुटी है।

**फैक्ट्री के अंदर एसडीआरएफ की टीम पहुंची**

अफसरों के अनुसार अब तक आग पर 80त्न तक काबू पा लिया गया है। फैक्ट्री के अंदर एसडीआरएफ की टीम आग बुझाने पहुंची। बाहर की आग पर नगर निगम ने काबू पाया।

**फोम डालकर बुझाई जा रही आग**

दमकलकर्मी सीढ़ियों के सहारे फैक्ट्री की पहली मंजिल पर पहुंचे। यहां कांच तोड़कर आग बुझाई जा रही है। फायर ब्रिगेड की गाड़ी में पानी में फोम मिलाकर आग पर डाला जा रहा है।

**दमकलकर्मी ने बताया- 70 फीसदी आग पर पाया काबू**

गोविंदपुरा फायर स्टेशन के दमकलकर्मी विजय त्रिपाठी ने बताया कि करीब 1:30 बजे आग लगने की सूचना हमें मिली थी। हम 5 मिनट के अंदर यहां पहुंचे। केमिकल ज्यादा होने की वजह से आग बुझाने में समय लग रहा है। नगर निगम और बाकी टीम में लगातार आग पर काबू पाने में लगी हुई है। 70त्न तक आग बुझ चुकी है। एक-दो घंटे में आग पर काबू पा लिया जाएगा।

**फोरेंसिक जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया**

सब इंस्पेक्टर पवन कुमार सेन ने बताया कि फैक्ट्री प्रेम चावला की है। आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई है। जब आग लगी, तब कुछ मजदूरों के होने की जानकारी जरूर मिली है। आग क्यों लगी, इसकी जांच की जाएगी। फोरेंसिक जांच के लिए एफएसएल टीम भी बुलाई गई है। फैक्ट्री में लगी आग को करीब 3 घंटे बीत चुके हैं। आग पर अब तक काबू नहीं पाया जा सका है। केमिकल की वजह से आग लगातार भभक रही है।

# भोपाल में ऐशबाग थाने का एएसआई लाइन अटैच

न्यूज क्राइम फाइल

भोपाल के ऐशबाग थाने में पदस्थ एएसआई पवन रघुवंशी को शुक्रवार को लाइन अटैच कर दिया गया। पवन पर ठगी के कॉल सेंटर संचालक पर लचर कार्रवाई के आरोप थे। इसी के साथ पिछले दिनों उन पर जुआरियों से सांठ-गांठ के भी आरोप उन पर लगे थे। इस मामले की भी विभागीय जांच चल रही है।

**इस मामले में की गई कार्रवाई**

भोपाल में प्रभात चौराहा स्थित एक बिल्डिंग में संचालित 'आइडियालॉजी एडवांस स्टॉक प्राइवेट लिमिटेड' नामक कॉल सेंटर पर पुलिस ने 23 फरवरी को छापा मार कार्रवाई की थी। गुरुवार को पुलिस ने कॉल सेंटर को पूरी तरह से सील कर दिया। कार्रवाई एएसआई पवन रघुवंशी ने की थी। सूत्रों की माने तो पवन और टीम ने कॉल सेंटर पर जिस समय दबिश दी। तब वहां कॉल सेंटर का संचालक अफजल खान मौजूद था। वह पुलिस को चकमा देकर फरार हुआ। पुलिस ने उसके बेटे पर बेहद




साधारण धाराओं में कार्रवाई की। जिससे आरोपी के बेटे अमान को आसानी से जमानत मिल गई। पूरा मामला आला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद एएसआई को लाइन अटैच कर दिया गया। जबकि कॉल सेंटर में कार्यरत युवक-युवतियों ने कार्रवाई के तत्काल बाद पूछताछ में खुलासा किया कि वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर बाजार में निवेश से संबंधित विज्ञापन प्रसारित करते थे।

**80 से अधिक कम्प्यूटर जब्त**

कॉल सेंटर से 80 से अधिक कम्प्यूटर और 26 मोबाइल सिम जब्त की गई हैं। साइबर पुलिस की मदद से ऐशबाग पुलिस कम्प्यूटर से डिलीट डेटा रिकवर करने में जुटी है। पुलिस को कॉल सेंटर के सरगना की एक डायरी भी मिली है, जिसमें 100 से अधिक नाम और मोबाइल नंबर दर्ज हैं। इन सभी लोगों को थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है।

**ठगी में इस्तेमाल हो चुकी है जब्त सिम**

जांच में खुलासा हुआ है कि जब्त सिम कार्ड में से एक का इस्तेमाल उत्तर प्रदेश में साइबर ठगी के लिए किया गया था, जिसकी शिकायत लखनऊ में दर्ज है। पुलिस ने कॉल सेंटर से सीसीटीवी फुटेज और अन्य रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं। कॉल सेंटर का संचालक अफजल खान, उसकी बेटी सायमा और परिवार के अन्य सदस्य ग्रीन पार्क कॉलोनी, अशोका गार्डन स्थित घर में ताला लगाकर फरार हो चुके हैं। पुलिस को अफजल के टीकमगढ़ का निवासी होने की जानकारी मिली है। हालांकि, अब तक आरोपियों पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। जांच में यह भी सामने आया है कि अफजल खान के बैंक खाते का इस्तेमाल कई साइबर ठगी की रकम के ट्रांजैक्शन में किया गया है। पुलिस को इस संबंध में पुख्ता प्रमाण मिले हैं। महाराष्ट्र में हुई एक साइबर ठगी की रकम अफजल के खाते में ट्रांसफर हुई थी। पुलिस ने केस के फरियादी से संपर्क कर लिया है। उसके भोपाल पहुंचने पर एफआईआर दर्ज करने के दावे किए जा रहे हैं।

रक्षा और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर हमारा (भारत और EU का) बढ़ता सहयोग आपसी विश्वास का प्रतीक है।
वीडी शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष - भाजपा मप्र



आलेख

# तो क्या निशांत कुमार की सियासी लॉन्चिंग से वंशवादी लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी ?

वंशवादी लोकतंत्र का क्रांतिकारी भूमि बिहार में अपनी गहरी जड़ें जमाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है! यह लोकतंत्र की जननी वैशाली की मूल भावनाओं को मुंह चिढ़ाने जैसा है। ऐसा इसलिए कि सूबाई राजनीति को विगत 4 दशकों तक प्रभावित करते रहने वाले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री बिहार, जदयू के मुखिया नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री बिहार और लोजपा आलाकमान रहे स्व. रामविलास पासवान, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार ने अपने-अपने लाडले क्रमशः तेजस्वी यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री बिहार, चिराग पासवान, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, भारत सरकार और निशांत कुमार, सीएम इन वेटिंग, बिहार को अपनी राजनीतिक विरासत (सियासी जमींदारी) सौंप चुके हैं! इस मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भले ही देरी से फैसला किया हो, लेकिन देर आयद दुरुस्त आयद की भांति वो निशांत कुमार के लिए अपने समर्थकों से मजबूत फील्डिंग भी करवा रहे हैं। इससे प्रदेश की राजनीति में कई सवाल पैदा हो रहे हैं, क्योंकि चाहे कांग्रेस हो या भाजपा, एक दूसरे को शिकस्त देने के लिए इन क्षेत्रीय राजनीतिक सूबेदारों को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस की राह पर भाजपा का चलना देश की वैचारिक राजनीति के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जबकि भाजपा को इतनी ऊंचाई देने वाली टीम का मानना है कि चूंकि लोहा ही लोहे को काटता है, इसलिए कांग्रेस मुक्त भारत के लिए वो लोग जैसे को तैसा वाली राजनीति देंगे। भाजपा की इसी सोच का फायदा उठाते हुए उसके दो बड़े कद्दावर नेताओं यानी पार्टी में नम्बर 2 की हैसियत रखने वाले अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री, भारत सरकार और नम्बर 3 की हैसियत पर जा चुके राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा मंत्री, भारत सरकार भी अपने पुत्रों क्रमशः जय शाह और पंकज सिंह-नीरज सिंह को महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचा चुके हैं। यदि देखा जाए तो कांग्रेस और भाजपा के अलावा जितने भी यूपीए या एनडीए समर्थक क्षेत्रीय दल हैं, वो भी अपने अपने पुत्रों को अपनी राजनीतिक विरासत सौंप चुके हैं या ऐसी तैयारी में हैं।



इसलिए कहा जा सकता है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को, सबसे सफल लोकतंत्र को हमारे नेताओं ने वंशानुगत राजतंत्र की तरह ही वंशानुगत लोकतंत्र में तब्दील कर दिया है। यदि कुछ बची-खुची कसर है तो वो गुजश्ते दशक या आने वाले दशक में पूरी हो जाएगी। इसका कारण प्रतिभाशाली डीएनए है या पूंजीवादी षड्यंत्र, यह आपको बाद में पता चलेगा। क्योंकि यूपी के समाजवादी पार्टी प्रमुख रहे स्व. मुलायम सिंह यादव, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश अपनी सत्ता अपने जीवनकाल में ही अपने पुत्र अखिलेश यादव को सौंप चुके थे। वहीं महाराष्ट्र के शिवसेना प्रमुख रहे स्व. बाला साहेब ठाकरे अपनी राजनीतिक विरासत अपने पुत्र उद्धव भाऊ ठाकरे, पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र को सौंप चुके हैं। ये तो महज बानगी भर है, जबकि इसकी फेहरिस्त बड़ी लंबी है।

इसके पीछे अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि जब नौकरशाह का बेटा नौकरशाह, न्यायाधीश का पुत्र न्यायाधीश, उद्यमी का बेटा उद्यमी बन सकता है तो किसी राजनेता का बेटा राजनेता क्यों नहीं बन सकता है! बात में तो दम है, लेकिन भारतीय संविधान भी इस विषय में मौन है! इससे साफ है कि सत्ता की एक अलग सोच होती है जो राजतंत्र, लोकतंत्र और तानाशाही में भी लगभग एक समान होती है। यह सोच है वंशवादी सोच, जहां राजा या नेता खुद को महफूज समझता है। यदि आप आजादी के आंदोलनों, संपूर्ण क्रांति और अन्ना हजारे के आंदोलनों पर गौर करेंगे तो यह साफ पता चलेगा कि इन सबका कुछ अघोषित एजेंडा रहा है, जिसमें व्यक्तिवाद, सम्पर्कवाद और वंशवाद सर्वोपरि है। कहीं यह साफ दिखता है तो कहीं पर यह घुमाफिरा कर, लेकिन मूल मर्म यही कि सत्ता बड़ी बेवफा होती है, इसलिए चाहे जैसे भी हो इसे अपने परिवार के खूंटे से बांधे रहो। नेहरू-गांधी परिवार, संघ परिवार और क्षेत्रीय जातीय राजनीतिक परिवारों की सफलता-विफलता का कारण भी यही है। हैरत की बात तो यह है कि जो समाजवादी-राष्ट्रवादी 1970-80-90 के दशक तक नेहरू-गांधी परिवार के वंशवाद का विरोध कर रहे थे, और तख्त बदल दो ताज बदल दो, वंशवाद का राज बदल दो जैसे नारे लगा रहे थे, उन्होंने कैसा क्षेत्रीय वंशवाद चलाया, अब जगजाहिर हो चुका है। हालांकि, इनमें सबसे धैर्यशाली निकले बिहार के कद्दावर मुख्यमंत्री और जदयू सुप्रीमो नीतीश कुमार ने भी जब अपने बेटे निशांत कुमार को सियासत में उतारने की हरी झंडी दे दी और उनके संग गुलदस्ता वाली फोटो वायरल करवा दिया, तो लोगों के दिलोदिमाग में इस वंशवादी लोकतंत्र को लेकर कई सवाल पैदा हो रहे हैं। पहला सवाल यह कि क्या पारिवारिक लोकतंत्र से आम भारतीयों का भला हो पाएगा? दूसरा सवाल यह कि, जो लोग हर बात में ब्राह्मणों या सवर्णों को कोस रहे थे, उन्होंने सत्ताधीश बनने के बाद कैसा आचरण प्रस्तुत किया? तीसरा सवाल यह कि, वंशवादी नेताओं ने अकूत सम्पत्ति जमा करते हुए हमारे देश की राष्ट्रीय सम्पदाओं को निजी हाथों में सौंपते जा रहे हैं और कोई राजनीतिक चहलकदमी नहीं दिखाई-सुनाई पड़ रही है, क्या इससे आम आदमी का भला होगा? चौथा सवाल यह है कि आरक्षण और सामाजिक न्याय, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद, क्षेत्रीयता बनाम राष्ट्रीयता का हश्र आने वाले दिनों में क्या होगा। यह सवाल इसलिए कि जब तपे-तपाए नेताओं की जगह उनके अनुभवहीन पुत्र ले लेते हैं तो सिस्टम वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाता है, जैसा कि उससे उम्मीद किसी भी सभ्य समाज को होती है। इससे पार्टी और नेता, दोनों कमजोर होते हैं। सत्ता से हट जाते हैं। लेकिन जब उनका लक्षित दुरुपयोग एक दूसरे को शह-मात देने के लिए किया जाता है तो स्थिति काफी विकट हो जाती है। भारत और भारतीय जनमानस इसी संक्रमण कालीन स्थिति से गुजर रहे हैं। चाहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हों, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हों, या इन जैसे अन्य नेतागण, जिन्होंने वंशवादी किले को बारीकीपूर्वक जमींदोज किया और खुद मठाधीश बन बैठे।

---

संपादकीय

## पाकिस्तान की तरह बर्बादी की ओर बढ़ता बांग्लादेश

कहते है कि 'जब गीदड़ की मौत आती है तो वह शहर की तरफ़ भागता है' भले ही यह एक मुहावरा है लेकिन बांग्लादेश पर खरा उतर रहा है, इसका मतलब है कि बांग्लादेश मुसीबत रूपी पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ा रहा है। 30 लाख बांग्लादेशी लोगों की हत्या करने वाला पाकिस्तान अब दोस्त बन गया है और हर तरह से मदद करने वाला भारत दुश्मन। बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढती नजदीकियां, बांग्लादेश का भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम इस मुल्क पर भारी पड़ सकता है और भारी पड़ रहा है। भले ही 54 सालों में पहली बार बांग्लादेश और पाकिस्तान सीधा कारोबार शुरू हुआ है। देखने वाली बात यह भी है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और व्यापार ठप्प है। ऐसे में इसका असर भारत पर नहीं पाकिस्तान पर जरूर पड़ा है और वहां की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा। भारत से पंगा बांग्लादेश को महंगा पड़ेगा। अब अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध खराब करने की हर कीमत चुकाने के लिए तैयार है तो कुछ भी कहना बेमानी है। जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान की राह पर चलने की ठान ही ली है, तो उनके दुष्परिणाम भी उसे ही भुगतने होंगे। बांग्लादेश के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, आम जनता पर दु:खों, परेशानियों एवं समस्याओं के पहाड़ टूटने लगे हैं। वहां जैसी आंतरिक गुटबाजी, प्रशासनिक शिथिलताएं, अराजकताएं और अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमां ने सेना की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। उनका संकेत साफ है, यदि अंतरिम सरकार हालात को संभाल पाने में नाकाम रहती है, तो सेना मोर्चा संभालने को तैयार है। दरअसल, शेख हसीना की विदाई के साथ वहां जिस तरह से राजनीतिक अस्थिरता एवं अराजकता बढ़ी है, उसका नुकसान पूरे देश को हो रहा है। न सिर्फ निवेश पर प्रभाव पड़ा है, विदेशी संबंध भी चरमरा रहे हैं, आर्थिक गिरावट तेजी से बढ़ रही है। भारत जैसे देश के साथ सामान्य व्यापार और ढांचागत विकास संबंधी योजनाओं में भी रुकावटें पैदा हुई हैं। बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आ रहा है, उसका अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर भी ऐसा ही रवैया है, जिस बारे में वह भले ही अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं।

आज विदिशा में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी श्री हरीश चौधरी जी, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र सिंह जी, पूर्व सांसद श्री प्रतापभानु शर्मा जी के साथ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भागीदारी की।
जीतू पटवारी अध्यक्ष, मप्र कांग्रेस

### केसरी, शैलेष और कटारिया हुए रिटायर

# आईपीएस पवन श्रीवास्तव, मनीष शंकर शर्मा स्पेशल डीजी बने




न्यूज क्राइम फाइल

राज्य शासन ने अपर मुख्य सचिव स्तर के एक और स्पेशल डीजी स्तर को दो अफसरों के रिटायरमेंट के बाद इन पदों पर प्रमुख सचिव और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्तर के अफसरों की पदोन्नति की है। अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी शुक्रवार को रिटायर हुए तो मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंत्रालय में सादे समारोह में उन्हें विदाई दी और उनके सेवाकाल को याद किया। तीनों ही अफसर एक मार्च से पदोन्नत माने जाएंगे। अजीत केसरी के रिटायर होने के बाद 1994 बैच के आईएएस अफसर और प्रमुख सचिव नगरीय विकास और आवास विभाग संजय कुमार शुक्ला को पदोन्नत कर अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। संजय शुक्ला के पदोन्नत होने के बाद अब मई में एसीएस विनोद कुमार रिटायर होंगे। विनोद कुमार के रिटायर होने के बाद रश्मि अरुण शमी एसीएस पद पर प्रमोट होंगी। इसके बाद जुलाई में मो. सुलेमान और अगस्त में मुख्य सचिव अनुराग जैन व एसीएस जेएन कंसोटिया का रिटायरमेंट है। जैन को एक्सटेंशन नहीं मिला तो एक सितम्बर से दो प्रमुख सचिव स्तर के अफसरों को एसीएस बनने का मौका मिलेगा। सुलेमान के रिटायरमेंट के बाद प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी को एसीएस पद पर प्रमोशन मिलेगा। फिर दीपाली रस्तोगी और शिवशेखर शुक्ला का नम्बर आएगा।

**ये आईपीएस अफसर हुए रिटायर, इनको मिला प्रमोशन**

जिन दो आईपीएस अफसरों को स्पेशल डीजी बनाया गया है। उनमें पवन कुमार श्रीवास्तव, एडीजी अपराध अनुसंधान विभाग पीएचक्यू और मनीष शंकर शर्मा, एडीजी रेल पीएचक्यू के नाम शामिल हैं। दोनों की पदस्थापना पदोन्नति के बाद भी यथावत रखी गई है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश कैडर के 1990 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और विशेष पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) विजय कटारिया शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके पद की जिम्मेदारी आईपीएस आदर्श कटियार को सौंपी गई है। इसी तरह 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी और विशे, पुलिस महानिदेशक (पुलिस सुधार) शैलेष सिंह भी सेवानिवृत्त हुए हैं। आईपीएस सोनाली मिश्रा को उनका प्रभार सौंपा गया है।

# चलती गाड़ी से गिराकर 55 हजार रुपए की लूट



न्यूज क्राइम फाइल

भोपाल के हबीबगंज इलाके में सरेराह लूट का मामला सामने आया है। दो आरोपियों ने युवक की चलती एक्टिवा पर लात मारकर उसे गिरा दिया और वाहन समेत 55 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। हबीबगंज थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि 44 वर्षीय लोकेंद्र गोड़िया, जो रोहित नगर शाहपुरा में रहते हैं, एक कारोबारी की फर्म में कर्मचारी हैं। 26 फरवरी की सुबह वे उधार के 55 हजार रुपये लेकर लौट रहे थे। 12 नंबर स्टॉप के पास दो युवकों ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन जैसे ही उन्होंने गाड़ी धीमी की, आरोपियों ने लात मारकर उन्हें गिरा दिया और मारपीट कर एक्टिवा लेकर भाग निकले। लोकेंद्र ने घटना की सूचना अपने मालिक को दी और बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**होटल के खाने में कांच का टुकड़ा मिलने की शिकायत**

भोपाल के एक होटल में ग्राहक ने खाने में कांच का टुकड़ा मिलने का आरोप लगाया है। गुरुवार को यहां एक कपल मैरिज एनिवर्सरी मनाने पहुंचा था। महिला ने खुद ही इसका वीडियो बनाया। इसमें वह शेफ और मैनेजर से बात करती दिख रही हैं। वीडियो में महिला कह रही है कि %हम जहांनुमा पैलेस में बैठे हैं। यहां पर खाने में कांच सर्व किया जा रहा है। इसकी जिम्मेदारी कौन ले रहा है? इस पर शेफ सॉरी कहते हैं तो महिला कह रही है कि गला कट जाता तो आपके सॉरी का हम क्या करते? आपके %आई एग्री% से कुछ नहीं होता। यदि खाने लायक है तो खाकर बताइए। करीब 1 मिनट के वीडियो के आखिरी में शेफ ने मामले को सुलझाने की बात कही। खाद्य औषधि एवं प्रशासन विभाग ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। वहीं जहांनुमा पैलेस की ओर से अब तक कोई बयान सामने नहीं आया है।

## पत्रकार बनने का सुनहरा अवसर

अगर आपके अंदर लिखने का कौशल है और पत्रकारिता में रुचि है, तो 'न्यूज क्राइम फाइल' को आपकी तलाश है। 'न्यूज क्राइम फाइल' से जुड़ कर आप हर माह दस हजार रुपये तक कमा सकते हैं। 'न्यूज क्राइम फाइल' भोपाल, ग्वालियर, सतना, सागर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर और नीमच में ब्यूरो ऑफिस खोलने जा रहा है। इच्छुक उम्मीदवार तत्काल हमें अपना बॉयोडाटा मेल करें या व्हाट्सअप करें।

उदय प्रताप सिंह चौहान (संपादक) 07223003441

website: www.newscrimefile.com

email: newscrimefile@yahoo.com

आज बुंदेलखण्ड की पावन धरा पर सागर जिले के गढ़ाकोटा में सांस्कृतिक मेला रहस लोकोत्सव 2025 एवं किसान महासम्मेलन का दीप-प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।
मोहन यादव- सीएम मप्र



## भोपाल में बनेगा कन्वेंशन सेंटर, 4 जगह देखी जमीन

# जीआईसी में सीएम कर चुके घोषणा; जेल पहाड़ी, खुदागंज-कालापानी में सर्वे

न्यूज क्राइम फाइल

सीएम डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में बड़ा कन्वेंशन सेंटर बनाने की घोषणा की है। ये इतना बड़ा होगा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे बड़े आयोजन आसानी से हो सके। इसके लिए जेल पहाड़ी, खुदागंज, बरखेड़ी बजायफ्त और कालापानी में जमीन देखी गई है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह यहां विजिट भी कर चुके हैं। बता दें कि मानव संग्रहालय में 24-25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुई थी। समापन पर सीएम डॉ. यादव ने भोपाल में कन्वेंशन सेंटर बनाने की घोषणा की थी। इस घोषणा को अमली जामा पहनाने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को कलेक्टर सिंह ने करीब 5 घंटे तक राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में जमीन और भूमि लैंड का मैदानी सर्वे भी किया। वे कन्वेंशन सेंटर के लिए राजधानी में जेल पहाड़ी, खुदागंज, कालापानी और बरखेड़ी बजायफ्त में 4 साइट देखने पहुंचे। इनमें खुदागंज की जमीन कन्वेंशन सेंटर के लिए सबसे ज्यादा ठीक लगी है। इसके अलावा उन्होंने 8 से 10 साइट अधिकारियों के साथ सर्वे किया।

**जमीन के बारे में जानकारी ली, फिर सर्वे करने निकले**

इससे पहले कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम और राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। इसमें जीआईएस में जिले से संबंधित घोषणाओं को पूरा करने के विषय में चर्चा हुई है। खासतौर से कई उद्योगपतियों ने इंडस्ट्री, होटल, रिसॉर्ट और अन्य यूनिट खोलने के लिए एमओयू किया है। इसके लिए उन्हें जमीनों की जरूरत पड़ेगी। हालांकि, जिले में पहले से लैंड बैंक तैयार है, इसमें 13 हजार एकड़ भूमि है। मौजूदा लैंड बैंक की सभी जमीनों की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि इनमें से कई सरकारी जमीन अतिक्रमण की चपेट में है।



**कन्वेंशन सेंटर के लिए यह साइट**

■टीटी नगर तहसील के तहत खुदागंज में साक्षी ढाबे और केरवा डेम के बीच यानी बुल मदर फार्म के पास 50 एकड़ जमीन है। यह जमीन मुफीद लगी है।

■शहर तहसील के तहत जेल पहाड़ी पर 22 एकड़ जमीन है। यह शहर के बीचों-बीच है, लेकिन यहां ट्रैफिक और अन्य समस्याएं खड़ी हो सकती है।

■कोलार तहसील के तहत कालापानी 80 एकड़ जमीन है। असल में यह 40-40 एकड़ में दो हिस्से में जमीन है।

■हुजूर तहसील के तहत बेरखेड़ी बजायफ्त में 20 एकड़ जमीन देखी गई, लेकिन इसे पहली नजर में खारिज कर दिया गया।

**डेढ़ हजार लोगों की कैपेसिटी का एक और सेंटर बनेगा**

कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर (मिंटो) के पीछे करीब डेढ़ हजार लोगों की क्षमता वाले कन्वेंशन सेंटर का काम भी लगभग शुरू होने वाला है। यह मप्र राज्य पर्यटन निगम बनाएगा। इसकी क्षमता सिर्फ 1500 लोगों की है, जबकि कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर की क्षमता एक हजार लोगों की है। इस तरह सिर्फ 2500 लोगों की क्षमता तक सीमित रहेगा। यह अगले साल मार्च तक बनना प्रस्तावित है। हाल में जो इन्वेस्टर्स समिट हुई है, इसमें 25 हजार से ज्यादा लोग आए थे। इसलिए शहर में एक बड़े कन्वेंशन सेंटर की कमी महसूस की जा रही है। इसी कारण ऐसे आयोजन भोपाल में नहीं होते हैं।

## सौजन्य भेंट



उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ऐसी लागी लगन और जग में सुंदर हैं दो नाम जैसे अनेक सुमधुर भजनों के माध्यम से अपनी पहचान बनाने वाले सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री अनूप जलोटा जी से आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सौजन्य भेंट हुई। साथ ही उनसे आग्रह कर उनकी मनमोहक आवाज में भजन की कुछ पंक्तियां भी सुनी।

महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में पूरे 45 दिनों तक जिस प्रकार 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ी, वो अभिभूत करता है!
प्रधानमंत्री- नरेंद्र मोदी



### केएल राहुल ने कहा- शमी और रोहित फिट

# न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने के लिए उपलब्ध होंगे; दोनों ने दुबई में प्रैक्टिस की

**न्यूज क्राइम फाइल**

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल ने कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के फिटनेस पर अपडेट दिया है। राहुल ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, रोहित और शमी न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के आखिरी चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप मैच में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। भारत का अगला मैच रविवार 2 मार्च को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला जाएगा। पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान शमी मुश्किल में दिखे थे और कुछ समय के लिए मैदान से बाहर गए थे। वहीं, रोहित को भी हैमस्ट्रिंग में समस्या महसूस हुई थी, वे भी कुछ समय के लिए फिल्ड से बाहर गए थे। राहुल ने कहा, मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन इतना पता है कि हर कोई ठीक है। मुझे जहां तक पता है किसी के भी मैच मिस करने की चिंता नहीं है।

**रोहित ने शुक्रवार को दुबई में प्रैक्टिस की**

टीम इंडिया ने शुक्रवार रात को ICC अकादमी में प्रैक्टिस की। इसमें रोहित ने नेट्स में जमकर बैटिंग की। इससे पहले रोहित बुधवार को प्रैक्टिस सेशन में मैदान में आए थे लेकिन, प्रैक्टिस नहीं की थी। इससे अंदाजा लगाया जा रहा था कि वे शायद अगला मैच ना खेले, लेकिन राहुल ने अब इसे भी साफ कर दिया था।




**मैं लीडरशिप ग्रुप का हिस्सा नहीं हूं- राहुल**

न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम में बदलाव को लेकर राहुल ने कहा, मैं लीडरशिप ग्रुप का हिस्सा नहीं हूं। मैं इस स्थिति में पहले रहा हूं जब आपके पास खिलाड़ियों को आजमाने का मौका होता है। लेकिन मुझे नहीं पता कि यह चैंपियंस ट्रॉफी में होगा या नहीं। हमें सेमीफाइनल से पहले एक ही दिन का ब्रेक मिला है। अभी छह दिन का ब्रेक है और हम चाहते हैं कि सभी खिलाड़ियों को मौका मिले। यह मेरा विचार है, लेकिन पता नहीं कल शायद कुछ और हो।

**भारत सेमीफाइनल में पहुंच चुका है**

भारत ने अपने पहले लीग मैच में बांग्लादेश को और दूसरे लीग मैच में पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में पहले ही अपना स्थान पक्का कर लिया है। पहला सेमीफाइनल 4 और दूसरा 5 मार्च को खेला जाएगा।

### इंश्योरेंस पॉलिसी प्रीमियम पेमेंट के नियम बदले; आज से हुए 4 बदलाव

# भारत में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 6 रू. तक महंगा

**न्यूज क्राइम फाइल**

नया महीना यानी मार्च अपने साथ कई बदलाव लेकर आया है। आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 6 रुपए तक महंगा हो गया है। म्यूचुअल फंड्स और डीमैट अकाउंट्स के नॉमिनी से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। इसके अलावा इंश्योरेंस पॉलिसी के प्रीमियम पेमेंट के नियम बदल गए हैं।

**मार्च महीने में होने वाले 4 बदलाव...**

1. कॉमर्शियल सिलेंडर 6 रुपए महंगा, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में बदलाव नहीं आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 6 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 6 रुपए बढ़कर 1803 हो गई। पहले ये 1797 में मिल रहा था। कोलकाता में यह 6 रुपए बढ़कर 1913 में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1907 थे। मुंबई में सिलेंडर 1749 रुपए से 5.5 रुपए बढ़कर 1755.50 रुपए हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1965 रुपए पर मिल रहा है। हालांकि, 14.2 चत्र वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 803 और मुंबई में 802.50 का मिल रहा है।

**2. म्यूचुअल फंड्स और डीमैट अकाउंट्स में 10 लोगों को नॉमिनी बना सकेंगे**

मार्केट रेगुलेटर सेबी ने म्यूचुअल फंड्स और डीमैट अकाउंट्स के नॉमिनी से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। निवेशक अब डीमैट अकाउंट्स या म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो में 10 व्यक्तियों को नॉमिनी बना सकता है। इनका मकसद क्लेम न किए गए एसेट्स को कम करना और इंवेस्टमेंट्स के बेहतर मैनेजमेंट को बढ़ावा देना है।



**3. इंश्योरेंस पॉलिसी के प्रीमियम पेमेंट के नियम बदले**

बीमा नियामक इरडा ने लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों को नामक एक नई सुविधा शुरू करने के लिए कहा है। इस सुविधा के तहत पॉलिसी खरीदने वाला व्यक्ति बीमा प्रीमियम की राशि को अपने बैंक खाते में ब्लॉक कर सकता है। यह पैसा तभी काटा जाएगा जब बीमा पॉलिसी जारी की जाएगी। अभी जब कोई व्यक्ति बीमा खरीदता है, तो उसे पहले प्रीमियम का भुगतान करना पड़ता है, लेकिन इस नए बीमा-स्क्र सुविधा के तहत, ग्राहक को पहले भुगतान नहीं करना होगा। इसके लिए कस्टमर्स के बैंक खाते से प्रीमियम की राशि रिजर्व ब्लॉक कर दी जाएगी और यदि बीमा कंपनी ग्राहक के आवेदन को स्वीकार कर लेती है, तभी यह पैसा खाते से काटा जाएगा। अगर पॉलिसी अप्रूव नहीं होती है, तो पैसा खाते में सुरक्षित रहेगा और कटेगा नहीं।

**4. पंजाब नेशनल बैंक में अकाउंट वाले करा लें**

पंजाब नेशनल बैंक PNB में अगर 2 साल से ज्यादा समय तक कोई लेन-देन नहीं होता, तो बैंक अकाउंट बंद कर दिया जा सकता है। बैंक ने इस बारे में अपने ग्राहकों को अलर्ट जारी किया है। बैंक ऐसे अकाउंट्स को डी-एक्टिवेट कर सकता है यानी बंद कर सकता है। अगर आप चाहते हैं कि आपका बैंक खाता एक्टिव रहे तो इसके लिए आपको KYC अपडेट करा लेना है।

**पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव नहीं**

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आज यानी 1 मार्च को भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए लीटर है, तो डीजल 87.62 रुपए लीटर के हिसाब से बिक रहा है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपए और डीजल 89.97 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है।



शक्त गाँव, राष्ट्र की मजबूत नींव होते हैं - इस सिद्धांत के प्रणेता नानाजी देशमुख जी ने गाँवों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए अपना पूरा जीवन खपा दिया।

केंद्रीय गृहमंत्री-अमित शाह

# टीआई ने बीजेपी का बिल्ला लगा लिया, बर्दाश्त नहीं होगा

## कमलनाथ बोले- भाजपा सरकार ने भ्रष्ट और कलंकित प्रदेश बनाया; समय बदलेगा

न्यूज क्राइम फाइल



टीआई कान खोलकर सुन लें, जितने दिन आपकी वर्दी सुरक्षित है, उतने दिन तक ही आपकी इज्जत है। कुछ ऐसे लोग होते हैं जो बीजेपी का बिल्ला अपनी जेब में रख कर घूमते हैं और यहां (हर्राई) के टीआई ने बीजेपी का बिल्ला जेब के ऊपर लगा लिया है। पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए है। ये पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा की अमरवाड़ा विधानसभा के हर्राई में शनिवार को एक कार्यक्रम में सार्वजनिक मंच से यह बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस सभा में दिए गए वक्तव्य का वीडियो भी अपलोड किया है। इसमें वह पुलिस वालों को वर्दी की इज्जत करने की बात कह रहे हैं। साथ ही भाजपा की सरकार को कर्ज लेकर घी पीने के सिद्धांत पर चलने वाली बताकर जनता से पूरी तरह मुंह मोड़ लेने वाला कहा।

**बीजेपी ने एमपी को भ्रष्ट, कलंकित प्रदेश बनाया**

कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए बोले कि भाजपा ने मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार करके इसे कलंकित प्रदेश बना दिया है। आज प्रदेश का युवा भटक रहा है, उनका भविष्य अंधेरे में है। उनके समक्ष बड़ी चुनौती है। वह बोले कि बीजेपी बड़ी-बड़ी बातें कर रही है। खाद-बीज के भाव बढ़ रहे हैं। लेकिन किसान की उपज के भाव नहीं बढ़ रहे। बीजेपी इसकी बात नहीं करती है।

**समय बदलेगा, सत्य की जीत होगी**

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। कल समय बदलेगा और सत्य की जीत होगी। छिंदवाड़ा में बिजली से लेकर सिंचाई, पानी सब तरह की व्यवस्था करने का काम किया गया है।

**जनता को पेट्रोल नहीं मिल रहा**

एक्स पर कमलनाथ ने यह भी लिखा है कि छिंदवाड़ा में ट्रिपल इंजन की सरकार चल रही है। लेकिन सच्चाई यह है कि जनता को पेट्रोल ही नहीं मिल पा रहा। छिंदवाड़ा और पांढुर्णा की जनता के साथ हर स्तर पर भेदभाव किया जा रहा है और जानबूझकर क्षेत्र को विकास योजनाओं से दूर किया जा रहा है। प्रदेश सरकार करोड़ों रुपया इवेंट पर खर्च कर रही है। लेकिन विकास योजनाओं, नौजवानों को रोजगार देने, किसानों को फसल का उचित मूल्य देने और महिलाओं को सुरक्षा देने पर कोई खर्च नहीं किया जा रहा है।

---

## भोपाल में 18 साल की युवती से रेप

# विरोध करने पर आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी; अकेला पाकर घर में घुसा था

न्यूज क्राइम फाइल



भोपाल के गुनगा इलाके के एक गांव में युवती से घर में घुसकर रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को घर में अकेला पाकर वारदात को अंजाम दिया। आरोपी युवक युवती का पूर्व परिचित बताया जा रहा है। लड़की के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी हरीशंकर वर्मा ने बताया कि, 18 वर्षीय युवती गुनगा इलाके के एक गांव में रहती है। बैरसिया के एक कॉलेज से बी.ए फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही है। उसके माता-पिता मजदूरी करते हैं। पास के गांव में ही नंदू गुर्जर नाम का युवक रहता है। वह भी मजदूरी करता है। काम के लिए उसका युवती के गांव में आना-जाना था। इसी वजह से दोनों की थोड़ी-बहुत पहचान थी। बीती 19 फरवरी को शाम युवती अपने घर में अकेली थी। उसके माता-पिता अपने काम पर गए थे। इसी दौरान किसी काम के बहाने नंदू घर पहुंच गया।

### घर में अकेला देखकर की ज्यादती

आरोपी को जब पता चला कि युवती घर में अकेली ही है तो वह युवती को धमकाते हुए घर के अंदर घुस गया। इसके बाद उसने डरा-धमकाकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने युवती को जान से मारने की धमकी दी। जिसके कारण युवक के घर से भाग जाने के बाद भी घटना के बारे में किसी को कुछ भी नहीं बताया। उसकी इसी चुप्पी का फायदा उठाते हुए जब युवक ने उसे फिर से परेशान करने की कोशिश की तो युवती ने परिजनों को पूरी बात बताई और थाने जाकर शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

भारतीय सनातन संस्कृति की पवित्रता और परंपरा से जुड़े महाकुंभ का प्रयागराज में समापन हो चुका है। करीब 66 करोड़ से भी अधिक लोगों को आस्था के इस महाकुंभ में डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

रक्षा मंत्री-राजनाथ सिंह



## फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर भी रहा इंदौर नगर-निगम का अफसर राजेश परमार

# ईओडब्लू छापे में सैलरी से 30 गुना ज्यादा संपत्ति मिली; लॉकर खोले जा रहे

**न्यूज क्राइम फाइल**

इंदौर में बेलदार (मजदूर) से सहायक राजस्व अधिकारी बने राजेश परमार के यहां ईओडब्ल्यू आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने शुक्रवार (28 फरवरी) को छापा मारा था। सूत्रों के अनुसार कार्रवाई में ईओडब्ल्यू को राजेश के यहां से 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की बेनामी संपत्ति मिली है। इसमें प्रॉपर्टी, कैश, बैंक खाते, लॉकर सहित सोने-चांदी के जेवर मिले हैं। ईओडब्ल्यू की राजेश परमार के यहां आज 1 मार्च भी कार्रवाई जारी है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के अधिकारियों को राजेश परमार के यहां से और भी बेनामी संपत्ति और अन्य जानकारी सामने मिलने की उम्मीद है। ईओडब्ल्यू एसपी रामेश्वर यादव ने बताया कि आज परमार के लॉकर की जांच की जाएगी। इसमें और भी दस्तावेज व अन्य बेनामी संपत्ति का ब्योरा सामने आ सकता है। लॉकर खुलने के बाद कुल संपत्ति का वैल्यूएशन किया जाएगा। सूत्रों की मानें तो परमार के पास महू में भी जमीन है, जिसके दस्तावेज लॉकर में मिल सकते हैं। ईओडब्ल्यू को पहले दिन की कार्रवाई में एक बंगला, 4 फ्लैट और 2 प्लॉट के दस्तावेज मिले हैं।

**राजस्व नुकसान पहुंचाने के आरोप में सस्पेंड**

राजेश परमार नगर निगम के जोन-16 में एआरओ के पद पर थे। उन पर संपत्ति कर की बकाया राशि को कम दिखाकर नगर निगम के राजस्व को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। वह टैक्सपैयर्स से आंशिक भुगतान लेकर बकाया खाता शून्य कर देते थे और इसके बदले मोटी रकम वसूलते थे। शिकायतों के आधार पर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने कुछ दिन पहले ही उन्हें सस्पेंड कर दिया था। नौकरी के दौरान परमार ने अपने और परिवार के सदस्यों के नाम पर घर और प्लॉट समेत अन्य प्रॉपर्टी खरीदी।




**राजेश परमार ने सैलरी से 30 गुना ज्यादा संपत्ति बनाई**

ईओडब्ल्यू डीएसपी पवन सिंघल ने बताया कि राजेश परमार 28 साल पहले बेलदार के पद पर भर्ती हुए थे। इसके बाद वह सहायक राजस्व अधिकारी बन गए। उनके खिलाफ टैक्स में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। राजेश परमार का अब तक का मूल वेतन 40 लाख रुपए होता है। सूत्रों की मानें तो उन्होंने अपने वेतन से 30 गुना ज्यादा बेनामी संपत्ति इकट्ठा की है। उनके पास से 10 करोड़ से ज्यादा की बेनामी संपत्ति मिली है। बैंक लॉकर खुलने के बाद ही परमार की असल बेनामी संपत्ति का आंकड़ा सामने आएगा।

**पांच बार विदेश यात्रा, फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर भी रह चुके**

छापेमारी में बड़ी मात्रा में सोना, चांदी और कैश बरामद हुआ है। इसका वजन और मूल्यांकन कराया जा रहा है। इसके अलावा बैंक खातों और लॉकर की जानकारी भी निकाली जा रही है। जांच में खुलासा हुआ है कि परमार ने सरकारी नौकरी में रहते हुए पांच बार विदेश यात्रा की है। इस बारे में भी शिकायत दर्ज की गई थी। दिलचस्प बात यह है कि वे पहले फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर भी रह चुके हैं।

**अक्टूबर 2024 में हुई थी भ्रष्टाचार की शिकायत**

वार्ड-39 की कांग्रेस पार्षद रुबीना खान ने 20 अक्टूबर 2024 को परमार के खिलाफ निगमायुक्त से शिकायत की थी। रुबीना ने आरोप लगाया था कि वह दरोगा है, लेकिन प्रभारी एआरओ बन गया है। जोन-19 पर बेटरमेंट शुल्क किसी जमीन के विकास या सुधार के लिए वसूला जाने वाला शुल्क की कम वसूली कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। परमार पर बिना अनुमति विदेश यात्रा करने का भी आरोप है। रुबीना ने महापौर, आयुक्त, राजस्व समिति प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों को सबूत के साथ शिकायत की। उनका आरोप है कि परमार पद के योग्य नहीं हैं। उन्हें तत्काल बर्खास्त कर उनके कार्यकाल की जांच करवाई जाए।

**पहले भी नगर निगम के अफसर निशाने पर रहे**

ईओडब्ल्यू के निशाने पर पहले भी नगर निगम के अधिकारी रहे हैं। यह तीसरा मौका है, जब किसी नगर निगमकर्मी के यहां छापा पड़ा है। इसके पहले एरोड्रम इलाके में नगर निगम के अधिकारी राजकुमार के यहां छापा पड़ा था। उनके पास से भी करोड़ों रुपए की काली कमाई का खुलासा हुआ था।

# रेप का दोषी आसाराम करा रहा पंचकर्म: उज्जैन में व्हीलचेयर पर आयुर्वेदिक अस्पताल पहुंचा; आशीर्वाद लेते नजर आए अनुयायी

**न्यूज क्राइम फाइल**

रेप का दोषी आसाराम इन दिनों उज्जैन आश्रम में है। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आसाराम इंदौर गया था। यहां आश्रम में प्रवचन का वीडियो सामने आने के बाद महाशिवरात्रि पर्व के लिए गुपचुप तरीके से उज्जैन पहुंचा। आसाराम दो दिन से उज्जैन के आगर रोड पर शासकीय धन्वंतरी आयुर्वेदिक अस्पताल में पंचकर्म करवा रहा है। शनिवार दोपहर को वह व्हीलचेयर पर अस्पताल पहुंचा। उसके साथ सुरक्षाकर्मी और अनुयायी नजर आए। आसाराम के उज्जैन पहुंचने की खबर मिलने के बाद देश भर से उसके अनुयायी आश्रम पहुंचने लगे हैं।

**एक घंटे अस्पताल में रहने के बाद आश्रम लौटा**

आसाराम दो दिन से पंचकर्म के लिए आयुर्वेदिक अस्पताल पहुंच रहा है। आज दोपहर करीब 12:30 बजे दो कार से आसाराम और उसके सहयोगी अस्पताल पहुंचे। यहां किसी को भी कैमरे और मोबाइल निकालने की इजाजत नहीं दी गई। कार से व्हीलचेयर पर बैठकर आसाराम अस्पताल की ओर गया। इस दौरान उसके अनुयायी झुककर आशीर्वाद लेते नजर आए। करीब एक घंटे पंचकर्म कराने के बाद आसाराम अपने सहयोगियों के साथ वापस मंगलनाथ रोड स्थित आश्रम चला गया।

**सुरक्षा जांच के बाद ही आश्रम में प्रवेश**



आसाराम से मिलने की चाह में आश्रम में रोजाना एक हजार से ज्यादा लोग जुट रहे हैं। आसाराम का इंदौर में वीडियो वायरल होने के बाद उज्जैन के आश्रम में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सेवक आश्रम में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की जांच की जा रही है। किसी भी व्यक्ति को मोबाइल, कैमरा या अन्य गैजेट ले जाने की इजाजत नहीं दी गई है। सभी को आश्रम के बाहर अपने मोबाइल जमा करना अनिवार्य कर दिया है। आश्रम के बाहर तैनात गार्ड बाहर से भी फोटो लेने से रोक रहे हैं।

भाजपा सरकार की दलित विरोधी मानसिकता का एक और सबूत देखिए!दलितों के अधिकारों की रक्षा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को जानबूझकर उपेक्षित कर दिया गया है - इसके दो अहम पद पिछले एक साल से ख़ाली पड़े हैं।
नेता प्रतिपक्ष-राहुल गांधी



## शिवपुरी की रेप पीड़िता के लिए 48 घंटे अहम

# मां की सीएम से गुहार-उसे जिंदा मत छोड़ना...

**न्यूज क्राइम फाइल**

शिवपुरी जिले के दिनारा क्षेत्र के एक गांव में 22 फरवरी को दरिंदगी की शिकार हुई 5 साल की मासूम का ग्वालियर के कमलाराजा अस्पताल में इलाज चल रहा है। जब वह यहां लाई गई थी तो उसकी जान बचाना चुनौती था। चार दिन पहले दो घंटे चले ऑपरेशन के बाद उसके प्राइवेट पार्ट्स पर 28 टांके लगाए गए हैं। मासूम अस्पताल में दर्द से तड़प रही है। बीच-बीच में होश आता है तो मां की तरफ देखती है। पिता से बेटी की हालत देखी नहीं जा रही है। वे एक बार भी उसे देखने आईसीयू में नहीं जा सके। इस बीच बच्ची की मां ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुहार लगाई है। कहा कि उस दरिंदे ने मेरी बेटी की जिंदगी खराब कर दी है, उसे जिंदा मत छोड़ना। इधर, डॉक्टर्स का कहना है कि अब वह स्थिर है, लेकिन अगले 48 घंटे उसके लिए कठिन हैं। इन 48 घंटे में उसकी हालत नहीं बिगड़ती है तो सबकुछ काबू में माना जा सकता है। मौत के मुंह से उसे निकाल लाए हैं, लेकिन रिकवर कब तक होगी, फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता है।

**चेहरे और प्राइवेट पार्ट्स पर 10 से ज्यादा घाव**




कमलाराजा अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि जब बच्ची को ग्वालियर लाया गया था उसकी हालत बेहद नाजुक थी। मासूम के चेहरे, लिप्स, गर्दन और प्राइवेट पार्ट्स पर 10 से ज्यादा गहरे घाव थे। सबसे बड़ी समस्या उसके प्राइवेट पार्ट्स के घाव थे। बच्ची को बेहोश कर ऑपरेशन किया गया। प्राइवेट पार्ट्स पर 28 टांके लगाने पड़े। आंत को कट कर अलग से मलद्वार बनाया गया है।

**मां को देखती है और रोने लगती है**

पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. विनय माथुर, एसआर डॉ. चित्रांगदा और स्त्री रोग विभाग के विशेषज्ञों की कड़ी निगरानी में बच्ची को रखा गया है। हर एक घंटे में डॉक्टर बच्ची का हेल्थ अपडेट ले रहे हैं। जब बच्ची को होश आता है तो डॉक्टर उससे बात करना चाहते हैं, लेकिन वह जवाब नहीं देती। वह मां को देखती है और रोने लगती है।

**बच्ची का सिर कई बार दीवार पर मारा**

घटना 22 फरवरी को शिवपुरी जिले के दिनारा थाना क्षेत्र में एक गांव की है। यहां 5 साल की बच्ची को एक नाबालिग (17 साल 5 माह) शराब के नशे में छत से उठाकर ले गया। उसने पास ही सूने मकान में उससे दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने कई बार बच्ची का सिर दीवार पर मारा। बताया जा रहा है कि उसने बच्ची के पैर पर पैर रखकर चीरने का प्रयास किया। इस बीच बच्ची के छोटे भाई और अन्य कुछ बच्चों ने उसे देख लिया। वे चीखने लगे तो वह मासूम को छोड़ कर भाग गया। घटना के समय बच्ची की मां उसे तलाश रही थी, क्योंकि 2 से ज्यादा घंटे से वह नहीं मिल रही थी। जबकि बच्ची का पिता झांसी से इलाज कराकर लौट रहा था। जब वह तलाश करते पड़ोस के खाली घर में पहुंचे तो वहां खून से लथपथ मासूम पड़ी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने नाबालिग बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया है।

---

## बदमाशों ने युवक पर बरसाई ताबड़तोड़ गोलियां, मौत

# मुरैना में नाराज लोगों ने 3 घंटे हाईवे पर जाम रखा; सरपंची चुनाव को लेकर विवाद था

**न्यूज क्राइम फाइल**

मुरैना में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले उसी इलाके के बदमाश हैं। वह अपने साथियों के साथ आया और ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बदमाश श्याम गोगाई और उसके साथी फरार हैं। हत्या की वजह सरपंची के चुनाव का विवाद बताया जा रहा है। वारदात सिलायथा गांव में शुक्रवार शाम करीब 6 की है। युवक का नाम ध्रुव यादव है। वह खेती-किसानी करता था। घटना ने नाराज लोगों ने नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। इससे 20 किमी तक वाहनों की कतारें लग गईं। लोग एसपी समीर सौरभ को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे थे। उनकी जगह जिला पंचायत सीईओ



कमलेश भार्गव पहुंचे। उन्होंने सभी मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद रात करीब 12 बजे प्रदर्शनकारियों ने चक्काजाम खत्म किया। बता दें कि, लोग सिविल लाइन थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ला को हटाने, शस्त्र लाइसेंस देने, आरोपियों को पकड़ने और उनके घर तोड़ने की मांग कर रहे थे।

**आरोपियों पर 5-5 हजार का इनाम**

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने पांच आरोपियों के खिलाफ 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया है। आरोपी राकेश शर्मा, राजकिशोर और रामसेवक के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। आरोपी रामकिशोर शर्मा, राकेश शर्मा, मुकेश शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, रामकिशोर शर्मा पर केस दर्ज किया गया है।

**सरपंची के चुनाव को लेकर विवाद**

मुरैना एसडीओपी दीपाली चंदौरिया ने बताया कि ध्रुव यादव को मारने के पीछे मुख्य विवाद सरपंच चुनाव है। इसमें मुख्य आरोपी श्याम गोसाई और राकेश है। श्याम गोसाई का इलाके में दबदबा है। उस पर कई आपराधिक प्रकरण भी दर्ज हैं। दोनों आरोपियों ने ही गोली चलाई थी।

इंदौर में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट जी के सुपुत्र के विवाह समारोह में सम्मिलित हुआ तथा वर-वधु को सुखी वैवाहिक जीवन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं।
डिप्टी सीएम मप्र- जगदीश देवड़ा



## सौरभ शर्मा ने नहीं कबूला-कैश और गोल्ड किसके

# चेतन बनेगा मुख्य किरदार; किसी की नहीं हुई तो घोषित हो सकती है सरकार संपत्ति

न्यूज क्राइम फाइल

भोपाल के मेंडोरी में इनोवा कार से जब्त किए गए 11 करोड़ रुपए कैश और 52 किलो गोल्ड के मामले में सबसे अहम किरदार चेतन सिंह गौर बनेगा। अब तक लोकायुक्त, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) और आयकर विभाग सौरभ शर्मा से यह कबूल नहीं करा सके हैं कि यह सोना और कैश उसका है। ऐसे में आयकर प्रोविजन के आधार पर चेतन सिंह गौर पर ही सारी जिम्मेदारी आएगी। सौरभ शर्मा द्वारा कैश और गोल्ड खुद का न मानने की स्थिति में चेतन को या तो उसे स्वीकार करना होगा कि यह सब उसका है अन्यथा उसे यह साबित करना होगा कि यह सौरभ शर्मा का है। इसके साथ ही आयकर विभाग के अफसरों की जिम्मेदारी होगी कि कैश और ज्वेलरी के असली मालिक की तलाश करें। आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों से अब तक तीन एजेंसियों लोकायुक्त, ईडी और आयकर विभाग ने पूछताछ की है। सूत्र बताते हैं कि अब तक हुई पूछताछ में सौरभ शर्मा ने यह स्वीकार नहीं किया है कि मेंडोरी में इनोवा कार में मिला सोना और कैश उसका है। ऐसे में आयकर अफसरों के समक्ष यह परेशानी है कि उसके मालिक को सामने लाएं और अपनी जांच रिपोर्ट फाइल करें। सोमवार से शुक्रवार तक लगातार चार दिन तक केंद्रीय जेल में पहुंचकर पूछताछ कर रहे अधिकारियों की आगे भी अभी पूछताछ चलते रहने की संभावना है।



**सौरभ ने नहीं स्वीकारा तो ये स्थितियां बनेंगी**

आरके पॉलीवाल बताते हैं कि एक स्थिति यह भी बन सकती है कि सौरभ की मनाही पर आयकर विभाग के समक्ष चेतन सिंह गौर यह साबित कर दे कि गाड़ी भले ही उसकी है लेकिन उसे उसने किराए पर दे रखा था और जिस व्यक्ति को दिया था, उसी की संपत्ति है लेकिन इसके लिए उसे यह साबित करने वाले प्रूफ जांच टीम को देने होंगे। पूरे मामले की जांच कर रहे अफसरों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे संपत्ति के असली मालिक की तलाश करें और इन्वेस्टिगेशन के हर एंगल का ध्यान रखें ताकि सच सामने आए।

### दूसरी स्थिति यह बनेगी

अगर जांच के बाद किसी भी स्थिति में साबित नहीं होता कि संपत्ति किसकी है तो सरकार के कब्जे में आ चुकी यह राशि और सोना सरकारी घोषित कर दिया जाएगा लेकिन ऐसी स्थिति बनने पर जांच टीम पर सवाल उठेंगे। इसलिए आयकर विभाग हर हालत में पूछताछ करके इसके असली मालिक की तलाश करेगा। अगर सौरभ या चेतन में से किसी ने यह स्वीकार कर लिया कि जब्त किया गया कैश और गोल्ड उनका है तो जो जब्त हुआ है उसकी आय का स्त्रोत बताना होगा और इसके बाद 200 प्रतिशत पेनल्टी और अलग-अलग धाराओं में ईडी केस बना सकेगी। साथ ही आयकर विभाग में अलग से पेनल्टी और ब्याज की वसूली करेगा। आरके पालीवाल बताते हैं कि खास बात यह भी है कि वास्तविक मालिक को सामने लाने की जिम्मेदारी जांच करने वाली एजेंसी की होगी।

# होली के बाद एमपी में हीटवेव, पारा 2-3 डिग्री बढ़ेगा

## ग्वालियर-चंबल सबसे गर्म; भोपाल-इंदौर में मावठा गिरने का अनुमान

न्यूज क्राइम फाइल

मध्यप्रदेश में 15 मार्च के बाद हीट वेव यानी, गर्म हवाएं चलने लगेगी। वहीं, दिन-रात का तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री ज्यादा रहेगा। इस दौरान ग्वालियर-चंबल सबसे गर्म रहेंगे, जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन में मावठा गिर सकता है। मार्च से गर्मी के सीजन की शुरुआत हो जाती है। अगले 4 महीने तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग ने मार्च से मई तक 15 से 20 दिन तक हीट वेव चलने का अनुमान जताया है। हालांकि, अप्रैल-मई में हीट वेव का असर ज्यादा हो सकता है। इस कारण 30 से 35 दिन तक गर्म हवा चल सकती है। मौसम विभाग भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, मार्च में 5 दिन तक गर्म हवा चलने की संभावना है। 15 मार्च के बाद जब शहरों में पारा 40 डिग्री से अधिक पहुंचेगा, तब गर्म हवा का असर देखने को मिलेगा।

**होली के बाद पारे में और भी बढ़ोतरी होगी**

होली के बाद दिन के पारे में और भी बढ़ोतरी हो सकती है। ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और इंदौर संभाग के जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है।



**मार्च में वेस्टर्न डिस्टरबेंस भी एक्टिव**

पिछले 10 साल के मौसम के ट्रेंड पर नजर डाले तो मार्च महीने में मावठा भी गिरता है। इस बार भी कई वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होंगे। इस वजह से हल्की बारिश और बादल छाने की संभावना रहेगी। 2 मार्च से एक्टिव होने वाले वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से पूर्वी-उत्तरी हिस्से यानी, इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

**अप्रैल-मई सबसे ज्यादा गर्म रहेंगे**

मौसम विभाग ने अप्रैल और मई में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने का अनुमान जताया है। इन दो महीने के अंदर ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच सकता है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग भी गर्म रहेंगे।

**मार्च में दिन के साथ रातें भी गर्म**

मार्च में रात का पारा 25 से 30 डिग्री तक पहुंच सकता है। इससे दिन के साथ रातें भी गर्म होंगी। हालांकि, मार्च की शुरुआत से पहले ही प्रदेश में रातें गर्म होने लगी। गुरुवार-शुक्रवार की रात में कई शहरों में पारा 18 डिग्री के पार पहुंच गया। भोपाल में 18.8 डिग्री, धार में 20.8 डिग्री, गुना में 18 डिग्री, नर्मदापुरम में 18.6 डिग्री, खंडवा में 18.4 डिग्री, खरगोन में 18.2 डिग्री, रतलाम में 18.6 डिग्री, दमोह में 18.4 डिग्री, रीवा में 18.8 डिग्री, सागर में 21.6 डिग्री दर्ज किया गया।

**फरवरी के आखिरी दिन पारा 35 डिग्री पार**

इधर, फरवरी के आखिरी दिन शुक्रवार को कई शहरों में पारे में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिली। खजुराहो में 35.2 डिग्री, मंडला में 35.5 डिग्री, इंदौर-रतलाम में 35 डिग्री, धार में 34.9 डिग्री, जबलपुर-दमोह में 34.6 डिग्री, खंडवा में 34.5 डिग्री, गुना में 34.4 डिग्री, भोपाल में 34.3 डिग्री, टीकमगढ़-बैतूल में 34.2 डिग्री, खरगोन में 34 डिग्री, रीवा-सागर में 33.8 डिग्री, ग्वालियर में 33.6 डिग्री, सतना में 33.4 डिग्री, सिवनी में 33 डिग्री, उमरिया में 33.6 डिग्री, नर्मदापुरम में 34.3 डिग्री, उज्जैन में 33.7 डिग्री दर्ज किया गया।

आज समग्र कृषि क्षेत्र की प्रगति के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा बैठक की। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ फसलों की बुआई और उपार्जन की जानकारी लेने के साथ ही उपज के थोक व खुदरा मूल्यों के बारे मे समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शिवराज सिंह चौहान-केंद्रीय कृषि मंत्री



## खिड़की, रोशनदान, छतों से स्टूडेंट्स तक पर्चियां पहुंचाई गईं

# हरियाणा में 10वीं की परीक्षा में नकल कराई गई...

**संदीप कुमार सिंह**

हरियाणा में आज (28 फरवरी) 10वीं के बोर्ड एग्जाम के पहले ही दिन गणित के पेपर में नकल कराई गई। दरअसल पेपर शुरू होने के 15 मिनट बाद ही नूंह में पुन्हाना के ह्वरू पब्लिक स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र से पेपर बाहर आ गया। इसके बाद पुन्हाना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से भी पेपर आ गया। सोनीपत में महिला टीचरों ने वॉट्सऐप पर पेपर आने के बाद उसे सॉल्व किया और छात्रों के जरिए परीक्षा केंद्र के अंदर पर्चियां भिजवाईं। पेपर हल कर नूंह और पुन्हाना में परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों के सहयोगियों ने परीक्षा केंद्र पहुंचकर खिड़की और रोशनदान,छतों से अंदर हॉल में परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों तक पर्चियां पहुंचाई। कई जगह पुलिस और टीचरों की मौजूदगी में युवक पर्चियां फेंकते दिखे। नूंह-पुन्हाना में छत और रोशनदान से पर्चियां फेंकी 10वीं की परीक्षा साढ़े 12 बजे शुरू हुई थी, जो साढ़े 3 बजे तक चली। एग्जाम में कुल 2 लाख 93 हजार 395 स्टूडेंट शामिल हुए। इसके लिए बोर्ड ने कुल



1431 परीक्षा केंद्र बनाए। पेपर आउट होने के बाद नूंह के मेव हाई स्कूल और पुन्हाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में युवक दीवारों पर चढ़ गए। मॉडर्न हाई स्कूल में युवकों ने डंडों के जरिए रोशनदान से पर्चियां कक्षाओं में पहुंचाई। पुन्हाना के फैजाम मॉडर्न हाई स्कूल में पुलिस और टीचरों की मौजूदगी में युवकों ने छत से पर्चियां फेंकी। इसके बाद छात्राएं पर्चियों को उठाकर परीक्षा केंद्र के अंदर लेकर चली गईं। सोनीपत में टीचरों ने पेपर सॉल्व किया सोनीपत के माहरा गांव में महिला टीचरों ने ही छात्रों के लिए पर्चियां बनाईं। एक वीडियो सामने आया, इसमें माहरा गांव स्थित राजकीय स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र के पास एक मकान में कुछ महिला टीचर पेपर सॉल्व करती दिखीं। उन्होंने नकल की पर्चियां को स्कूल के बच्चों के जरिए परीक्षा केंद्र में भिजवाया। पर्चियां फेंकने के लिए युवक स्कूल की दीवार पर चढ़ गए। तत्कालीन शिक्षा मंत्री प्रशांत कुमार शाही ने कहा था कि नकल रोकना अकेले सरकार के बूते की बात नहीं है, यह समाज के सहयोग से ही संभव है। अगले दिन नकल कर रहे छात्रों को मदद करने के आरोप में होमगार्ड के 8 जवानों को गिरफ्तार कर लिया गया। 500 से ज्यादा परीक्षार्थियों को निष्काषित भी कर दिया गया। उस साल पास प्रतिशत 75.17 फीसदी रहा था।

**12वीं की परीक्षा का पहला ही पेपर आउट हो चुका**

इससे पहले गुरुवार (27 फरवरी) को 12वीं कक्षा का इंग्लिश का पेपर हुआ। पेपर नूंह और पलवल में आउट कर दिया गया। इसके बाद पलवल के एक सेंटर पर परीक्षा रद्द की गई। यहां सेंटर सुपरिंटेंडेंट देवेंद्र सिंह, और पर्यवेक्षक गोपाल दत्त शर्मा के अलावा एक स्टूडेंट के खिलाफ स्नद्धक्र दर्ज की गई। गोपाल दत्त शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रसूलपुर में मैथ के टीचर हैं।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के सामने एक-दूसरे को थप्पड़ जड़े

## मंच पर चढ़ने से रोकने पर दो पदाधिकारियों में विवाद, दूसरे नेताओं ने अलग किया

**न्यूज क्राइम फाइल**

जयपुर में गुरुवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के सामने पार्टी के दो पदाधिकारी भिड़ गए और एक-दूसरे के थप्पड़ जड़ दिए। मौके पर मौजूद अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने दोनों को अलग किया। मामले को लेकर देर शाम अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने मोर्चा के महामंत्री जावेद कुरैशी को पद से हटा दिया। घटना उस समय हुई, जब भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक शुरू होने वाली थी। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ बैठक में पहुंचे थे। अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष रहे फरीदुद्दीन जैकी प्रदेशाध्यक्ष को मंच तक लेकर आए। वह मंच पर चढ़ने लगे तो उन्हें मोर्चा के पूर्व महामंत्री जावेद कुरैशी ने रोक दिया। इस पर जैकी ने



जावेद को थप्पड़ जड़ दिया। थप्पड़ लगते ही जावेद ने भी जैकी को थप्पड़ मार दिया। उसके बाद दोनों अध्यक्ष के सामने ही भिड़ गए। करीब 30 से 40 सेकेंड तक दोनों लड़ते रहे। उसके बाद बीजेपी के अन्य पदाधिकारी ने दोनों का अलग किया।

**विवाद को लेकर कौन क्या बोला...**

घटना को लेकर अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व महामंत्री जावेद कुरैशी ने कहा- मंच पर जो अपेक्षित थे, उन्हीं के लिए कुर्सी लगाई गई थी, लेकिन जैकी ने कहा कि अध्यक्ष के पीछे मेरी कुर्सी लगाई जाए। हमने उनसे शालीनता से नीचे उतरने के लिए कहा तो वह गली-गलौज पर उतर आए। बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा में पूर्व उपाध्यक्ष रहे फरीदुद्दीन जैकी ने कहा- मैंने किसी भी पदाधिकारी से कोई बदतमीजी नहीं की थी। मैं अध्यक्ष को मंच पर बैठाकर नीचे उतर रहा था। मुझे बदनाम करने के लिए महामंत्री जावेद कुरैशी ने यह सब किया।

**अल्पसंख्यक मोर्चा पदाधिकारी की थी बैठक**

दरअसल, आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी की बैठक रखी गई थी। बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिलाध्यक्ष और जिला महामंत्री शामिल हुए थे। बैठक में बतौर चीफ गेस्ट बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ शामिल हुए थे। बैठक के बाद मोर्चे की ओर से मदन राठौड़ का सम्मान कार्यक्रम भी रखा गया था।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक उदय प्रताप सिंह चौहान द्वारा कविता ऑफसेट प्रिंटर्स, एमपी नगर जोन -1 भोपाल (म. प्र.) से मुद्रित एवं 1209 पुष्पा नगर चांदबड़, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- उदय प्रताप सिंह चौहान, मो.7223003441 (प्रति सोमवार को प्रकाशित) समाचारों से संपादक का सहमत होना जरूरी नहीं। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।) RNI.NO MPHIN/2015/63623